प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 07.10.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ आज नई दिल्ली में की समीक्षा बैठक–कहा कि मार्च दो हजार छब्बीस तक नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा।

2– केन्द्रीय गृहमंत्री ने छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियानों की, की प्रशंसा।

3– रायपुर में आयोजित सशस्त्र सैन्य प्रदर्शनी का आज हुआ समापन–राज्यपाल ने युवाओं से आव्हान किया कि सेना में शामिल होकर राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं।

4– मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ स्थानों पर अगले चौबीस घंटों के दौरान आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी।

......................................................

केन्द्रीय गृहमंत्री–नक्सलवाद बैठक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के बेहतर समन्वय से देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म किया जा रहा है। श्री शाह ने आज नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मार्च दो हजार छब्बीस तक नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा।

होल्ड बाईट – केन्द्रीय गृहमंत्री (20 सेकेंड)

उन्होंने कहा कि नक्सलवाद आदिवासी क्षेत्रों के विकास में सबसे बड़ी बाधा है और इससे किसी का भला नहीं होने वाला है। श्री शाह ने नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील की है। श्री शाह ने बताया कि मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में सुरक्षा संबंधी व्यय को लगभग तीन गुना बढ़ाकर तीन हजार करोड़ रूपए से अधिक कर दिया है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद

से प्रभावित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को महीने में एक बार और इन राज्यों के पुलिस महानिदेशकों को कम से कम पन्द्रह दिन में एक बार विकास और नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा करनी चाहिए।

इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री ने नक्सल ऑपरेशन की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में हाल ही में नक्सल विरोधी ऑपरेशन में इकतीस माओवादियों को मार गिराया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस ऑपरेशन को लेकर राज्य सरकार की प्रशंसा की। केंद्रीय गृह मंत्री ने अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कहा कि वे भी छत्तीसगढ़ की रणनीति और आपसी समन्वय के आधार पर अपने राज्यों में ऑपरेशन को अंजाम दे सकते हैं।

होल्ड बाईट – केन्द्रीय गृहमंत्री (20 सेकेंड)

बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि दक्षिण बस्तर में जल्द ही उनतीस नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना की जाएगी, ताकि नक्सलियों के प्रभाव को खत्म किया जा सके।

.....................................................

<u>सैन्य प्रदर्शनी–समापन</u>

रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सशस्त्र सैन्य प्रदर्शनी का आज समापन हुआ। समापन समारोह में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने युवाओं से आह्वान किया कि भारतीय सेना राष्ट्र सेवा का प्रतीक है, इसमें शामिल होकर राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं। सैन्य प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ के युवाओं में साहस और समर्पण की भावना उत्पन्न होगी। छत्तीसगढ़ के युवा भी सेना में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे और देश की सुरक्षा में तत्पर रहेंगे। उन्होंने सैन्य प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह भव्य सशस्त्र सैन्य समारोह युवाओं को प्रेरणा देने वाला है।

समापन समारोह के पहले श्री डेका ने सैन्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सेना के उच्च अधिकारियों ने भीष्म टी–नाइंटी टैंक सहित विभिन्न मिसाइल, अत्याधुनिक लड़ाकू हथियारों और अन्य सैन्य उपकरणों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने शहीद जवानों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

सैन्य प्रदर्शनी के अंतिम दिन एनसीसी कैडेटों ने घुड़सवारी प्रदर्शन, सैनिकों ने डेयर डेविल मोटर साइकिल शो, गोरखा रेजिमेंट ने खुखरी डांस और सेना के बैंड ने मनमोहन प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने छत्तीसगढ़ और ओड़िशा उप क्षेत्र के बिग्रेडियर अमन आंनद को छत्तीसगढ़ शासन की ओर से मानपत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया।

........................................................

प्रवर्तकता और मिशन वात्सल्य–राशि

प्रवर्तकता और मिशन वात्सल्य कार्यक्रम के तहत अट्ठारह वर्ष से कम आयु के बच्चों को चिकित्सा, शिक्षा और पोषण के लिए हर महीने चार हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। प्रवर्तकता को दो श्रेणियों में बांटा गया है। जिनमें निवारक श्रेणी में चार हजार और पुनर्वास श्रेणी के तहत पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राही बच्चों को हर महीने चार हजार रूपये प्रदान किए जाएंगे। साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा ऐसे परिवारों या बच्चों का चिन्हांकन सामाजिक कार्यकर्ता, आऊटरीच वर्कर, स्वयं सेवकों, वार्ड समिति या ग्राम पंचायत की मदद से किया जाएगा। प्रवर्तकता के संबंध में अधिक जानकारी और आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए संबंधित जिले की बाल संरक्षण इकाई से संपर्क किया जा सकता है।

........................................................

नारायणपुर–सुरक्षा कैम्प

नारायणपुर जिले के ग्राम होरादी में ''जनसुविधा और सुरक्षा कैम्प'' की स्थापना की गई है। शिविर के स्थापित होने से इस क्षेत्र में माओवाद विरोधी अभियान के संचालन में मदद मिलेगी। साथ ही सड़क, पुल–पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी होगा। माओवाद प्रभावित इस क्षेत्र में तीस साल से बंद पड़ी सड़क पर नारायणपुर से ग्राम होरादी तक प्रतिदिन पब्लिक बस का संचालन किया जा सकेगा। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गौरतलब है कि नारायणपुर पुलिस द्वारा

माओवाद मुक्त सशक्त बस्तर की कल्पना को साकार रूप देने के लिए क्षेत्र में लगातार माओवाद विरोधी ''माड़ बचाव'' अभियान संचालित किया जा रहा है।

.......................................................

किसान–ठगी

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–पीएससी के माध्यम से नायब तहसीलदार बनाने का झांसा देकर दुर्ग के एक किसान से उनतीस लाख रूपए से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है। दुर्ग कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम मोहलाई निवासी किसान नोखेलाल सिन्हा ने दर्ज शिकायत में बताया कि वो किसानी के साथ–साथ सीजी पीएससी की तैयारी कर रहा है। किसान ने आरोप लगाया कि मोहंदी निवासी रेखराज खेलवार और उसकी पत्नी भारती खेलवार ने उसके साथ साढ़े उनतीस लाख रुपए की ठगी की है। उन्होने नायब तहसीलदार के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर उनतीस लाख पचास हजार रुपए ले लिए। बाद में आरोपी दंपत्ति ने पैसा वापस करने से मना कर दिया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

वहीं, गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में सीआईएसएफ के एक जवान से लाखों रूपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। महिला आरोपी ने खुद को टीटीई बताकर नौकरी लगवाने के नाम पर जवान से ढाई लाख रूपए की ठगी की। पेण्ड्रा थाना पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसको न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला पहले भी दो बार ठगी की वारदात को अंजाम दे चुकी है।

.......................................................

दुर्घटना

जांजगीर–चांपा जिले के कुटराबोड़ गांव में आज एक पिकअप ने मॉर्निंग वॉक पर निकले छह बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में घायल छह में से चार बच्चों को बिलासपुर और चांपा के अस्पताल में रिफर

किया गया है। घटना के बाद से पिकअप वाहन समेत चालक फरार है। पामगढ़ पुलिस मामले की जांच कर रही है।

........................................................

स्वच्छता पखवाड़ा

भारतीय रेलवे द्वारा एक से पन्द्रह अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत हर दिन अलग–अलग थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज स्वच्छ रेल पटरी थीम पर रायपुर रेलमंडल के सभी स्टेशनों के प्लेटफॉर्म के पास स्थित पटरियों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंडल के अधिकारियों ने इस अभियान का निरीक्षण किया। इसके तहत पटरियों के आसपास उग आई घास की कटाई करने के साथ ही प्लास्टिक कचरों का निष्पादन भी किया गया।

कल स्वच्छता पखवाड़े के तहत मंडल के सभी स्टेशनों और आवासीय परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

........................................................

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल..

प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है।

........................................................

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ खबरें संक्षेप में–

– महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सूरजपुर जिला के लटोरी में नवीन तहसील कार्यालय का शुभारंभ किया।

– नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आज से डोंगरगढ़ और दुर्ग के बीच एक मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा शुरू की गई है।

– कोरबा शहर से करीब सत्तर किलोमीटर दूर स्थित देवपहरी जलप्रपात के पास पिकनिक मनाने गए एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई।

– सक्ती जिले में महानदी में डूबे एक युवक के शव को एसडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार यह युवक तीन दोस्तों के साथ घूमने गया था और नहाने के दौरान नदी में डूब गया था।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>